दिनांक 4 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क, नाली, सीमेंटीकारण, सड़क चौड़ीकरण सहित खमरिया क्षेत्र में होंगे कई सारे विकास कार्य , विकास कार्यों के लिए महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

खमरिया में उच्चस्तरीय जलागार का हुआ है निर्माण वर्षों पुरानी पानी की समस्या होगी दूर- महापौर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरू नगर जोन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 खमरिया क्षेत्र में अलग-अलग विकास कार्य विभिन्न क्षेत्रों में किए जाएंगे जिसके लिए आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कार्य की आधारशिला रखी! महापौर श्री देवेंद्र यादव वार्ड क्रमांक 1 खमरिया पहुंचे वहां पर उन्होंने मुक्तिधाम मार्ग में सीमेंटीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य लागत राशि 35 लाख तथा खमरिया के विभिन्न स्थानों में आरसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य लागत राशि 52 लाख के कार्य का नागरिकों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया! इस दौरान अंत्यावसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी , तुलसी साहू, अरुण सिसोदिया, संदीप निरंकारी, पार्षद नेहा महेंद्र साहू , एल्डरमैन मोहम्मद सद्दाम , केशव चौबे, नीलू ठाकुर, महेंद्र साहू, सरसित घोष सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे! मंच का संचालन दलबीर राठौर ने किया! महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खमरिया वार्ड में हमने कई सारे विकास कार्य कराए हैं पहली दफा नहीं है कि यहां पर उपस्थित है इससे पूर्व कई बार आ चुके हैं और पूरे मोहल्ले का भ्रमण कर मोहल्ले वासियों की समस्या से रूबरू होकर उसका समाधान कर रहे हैं! जिस बड़ी जमीन पर रसूखदार द्वारा कब्जा करने की कोशिश की गई उस जमीन पर आज भव्य उद्यान निर्मित है ,

जनसंपर्क अधिकारी